पी॰एस॰एम पब्लिक स्कूल
कक्षा - V
विषय - हिन्दी
उप-विषय - भारत की प्रमुख नदियाँ, क्रिया)
(दोहराव-कार्य)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत के उत्तर और पूर्व में तीन प्रमुख नदियाँ हैं - सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र। इनके अतिरिक्त जमुना और सरस्वती का भी विशेष महत्व है। ये सभी नदियाँ हिमालय से निकलती हैं। ब्रह्मपुत्र पूर्वी भारत की बहुत महत्वपूर्ण नदी है जिसकी लंबाई लगभग 2900 किलोमीटर है तथा यह तीन देशों तिब्बत, भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है।

(क) भारत के उत्तर और पूर्व में कौन-सी नदियाँ हैं?
(ख) ब्रह्मपुत्र नदी की लंबाई कितनी है?
(ग) कौन-सी नदी तिब्बत, भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है।
(घ) किन नदियों का विशेष महत्व है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
प्रश्न1. नदियों के किनारे शहर क्यों बस गए हैं?
प्रश्न2. नदियों को जीवनदायिनी क्यों कहा जाता है?

3 सही जोड़े मिलाइए -

(क) संगम (प्रयागराज)	राजा भगीरथ
(ख) गंगा	गंगा, यमुना एवं सरस्वती
(ग) ब्रह्मपुत्र	पंचनद
(घ) पंजाब	बुंदेलखंड
(ङ) बेतवा	सतपुड़ा पर्वत
(च) ताप्ती नदी	2900 किलोमीटर

4 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

(क) बिल्ली दूध पी गई।

(ख) मछली पानी में तैर रही है।

(ग) हम पढ़ते हैं।

(घ) अध्यापिका पढ़ा रही है।

(ङ) शेर दहाड़ रहा है।

5. नीचे दिए गए वाक्यों में सकर्मक/अकर्मक क्रिया पहचानकर लिखिए।

(क) चिड़िया उड़ रही है। ________

(ख) रिया अमरूद खाती है। ________

(ग) हाथी चिंघाड़ता है। ________

(घ) वरुण पुस्तक पढ़ता है। ________

6. दिए गए वाक्यों को सकर्मक क्रिया में बदलिए।

जैसे - दादी सुनाती है। दादी कहानी सुनाती है।

(क) मोहन खेलता है। ________

(ख) कोमल खाती है। ________

(ग) गौरव पढ़ता है। ________

(घ) माँ बनाती है। ________

(ङ) राधा लिखती है। ________

7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न1. क्रिया किसे कहते हैं?

प्रश्न2. द्विकर्मक क्रिया किसे कहते हैं?